मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-401
19/08/2021

हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है :– मुख्यमंत्री

पटना, 19 अगस्त 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुहर्रम की 10वीं तारीख के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मैदान–ए–कर्बला में अन्याय, जुल्म, अहंकार के विरूद्ध हक और सच्चाई के लिए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों द्वारा दी गई कुर्बानी अमर है। इसे कयामत तक याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर हमें इंसानियत, सच्चाई और भलाई के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने मुहर्रम के अवसर पर राज्यवासियों से अपील की है कि वे हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करते हुये उनके आदर्शों को अपनायें। उन्होंने राज्यवासियों से मुहर्रम को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील करते हुये कहा कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर ही इबादत करें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******